उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

कार्य अध्ययन रिपोर्ट

# वरि0 मंडल इंजीनियर / समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन लेवल क्रासिंग गेट पर कार्यरत गेट मैन / ट्रैक मैन संवर्ग का ROB/RUB /LHS निर्माण के कारण, कार्यरत स्टाफ के कार्य की समीक्षा

**कार्य अध्ययन सं.–** म.प्र. / उ.म.रे. / का.अ. / इंजी0 / झाँसी / 02 / 19–20

<u>मार्गदर्शन एवं निर्देशन</u>

श्री अमिताभ ओझा
पूर्व वरिष्ठ उप महाप्रबंधक
एवं
श्री एन0के0 सिन्हा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री अन्शू पाण्डेय
उप महाप्रबंधक / सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

अनिल कुमार पटेल
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

## अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5–7 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 8 |


''''''''

# अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम : | वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन लेवल क्रासिंग गेट पर कार्यरत गेट मैन/ ट्रैक मैन संवर्ग का ROB/ RUB/ LHS निर्माण के कारण, कार्यरत स्टाफ के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | गेट मैन/ ट्रैक मैन |
| 3. | विभाग | इंजीनियरिंग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2019–20 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 02.07.2019 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 10.12.2019 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 4618 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 3916 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 99 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs. 5,20,53,408/-<br>(पाँच करोड बीस लाख तिरपन हजार चार सौ आठ रू0 मात्र) |

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय तथा श्री सतीश चन्द्र दुबे, वरि0 मंडल इंजीनियर/पूर्व, झाँसी मंडल तथा ए0ई0एन0 ग्वालियर, कानपुर तथा महोबा का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्याध्ययन दल श्री पी0 के0 त्रिपाठी, मुख्य कार्यालय अधीक्षक/सामान्य/झाँसी मंडल तथा श्री मनोज कासगर कार्यालय अधीक्षक, कार्य लेखा विभाग/झाँसी मंडल एवं समस्त सेक्शनल एस0एस0ई/पी0वे0 का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

''''''

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत ट्रैक मैन, गेटमैन, ट्रालीमैन, चौकीदार, चाबीमैन एवं मेट (पी0वे0) के कैडर को ट्रैकमेन्टेनर में मर्ज कर दिया है जिनके कुल स्वीकृत पद 4618 हैं ,कुल 3916 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 702 पद रिक्त हैं।

वर्तमान में गेटमैन की पद ट्रैकमेन्टेनर में मर्ज हो गये हैं तथा उनकी संख्या अलग से निर्धारित नहीं है इसलिये जो लेवल क्रासिंग गेट ROB/ RUB/ LHS निर्माण के कारण बन्द हो रहे हैं उन्हीं पदों को कार्यअध्ययन के दौरान गेटमैन के पद माना गया है। 34 गेट बन्द हो चुके हैं उन पर कोई कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं तथा 08 गेट के शीघ्र बन्द होने की प्रक्रिया चल रही है जिसके कारण 99 पद गेट मैन/ट्रैक मैन (वर्तमान पद ट्रैकमैन्टेनर) के सरप्लस हो रहे हैं ।

अतः कार्याध्ययन दल वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत 99 गेट मैन/ ट्रैक मैन (वर्तमान पद ट्रैकमैन्टेनर) संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है ।

# अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग तथा नई प्रणालियों के समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैनपावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में कई स्थानों पर लेवल क्रासिंग गेट पर ROB/ RUB तथा LHS के निर्माण के कारण लेवल क्रासिंग गेट का औचित्य समाप्त हो गया है तथा कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात गेटों को बन्द कर दिया जा रहा है। लेवल क्रासिंग गेट पर कार्यरत कर्मचारियों का सदुपयोग करने के लिये उनसे अन्य स्थानों पर कार्य कराया जा रहा है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "वरि0 मंडल इन्जीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन लेवल क्रासिंग गेट पर कार्यरत गेट मैन/ट्रैक मैन संवर्ग का ROB/ RUB/ LHS निर्माण के कारण कार्यरत स्टाफ के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्याध्ययन हेतु कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। यह कार्याध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2019–20 के लिए अनुमोदित कार्याध्ययन सूची से उद्धृत है।

वर्णित कार्याध्ययन वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

# अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2.1. **कर्मचारी संख्या:–**

वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत गेट मैन/ट्रैक मैन के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या जो कि विभिन्न सेक्शन में गेटों पर कार्यरत हैं का विवरण निम्नवत है :–

**(अ) लेवल क्रासिंग गेट जो कि बन्द हो चुके हैं:–**

| क्रम सं0 | सेक्शन | इंजीनियरिंग गेट संख्या | कि0मी0 संख्या | गेट मैन/ट्रैक मैन | | अन्तर /टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | स्वीकृत कर्मचारी संख्या | कार्यरत कर्मचारी संख्या | |
| 1 | PMN-RPGU | 226 | 1319/9-10 | 02 | 00 | 02 |
| 2 | BIN-AGD | 310 | 980/4-6 | 02 | 00 | 02 |
| 3 | JHA-BJA | 337 | 1061/6-8 | 02 | 00 | 02 |
| 4 | MZX-BZY | 350 | 1088/3-4 | 02 | 00 | 02 |
| 5 | BZY-BPW | 352 | 1091/18-20 | 02 | 00 | 02 |
| 6 | BZY-BPW | 353 | 1094/14-16 | 02 | 00 | 02 |
| 7 | BPW-BAB | 355 | 1100/6-8 | 02 | 00 | 02 |
| 8 | BJI-JHS | 364 | 1121/8-10 | 03 | 00 | 03 |
| 9 | JHS-KRQ | 368 | 1130/22-24 | 02 | 00 | 02 |
| 10 | KRQ-CIRL | 375 | 1143/24-26 | 02 | 00 | 02 |
| 11 | KRQ-DAA | 378 | 1147/14-16 | 02 | 00 | 02 |
| 12 | DAA-SOR | 384 | 1158/4-6 | 02 | 00 | 02 |
| 13 | DBA-SMTL | 396 | 1184/4-6 | 02 | 00 | 02 |
| 14 | AEH-ARI | 405 | 1199/22-24 | 02 | 00 | 02 |
| 15 | AEH-ARI | 406 | 1200/22-24 | 02 | 00 | 02 |
| 16 | BLNR-RRU | 429 | 1232/22-24 | 02 | 00 | 02 |
| 17 | SIKD-HET | 455 | 1275/12-14 | 02 | 00 | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | AIT-KNH | 169C | 1221/0-1 | 02 | 00 | 02 |
| 19 | PMN-RPGU | 226 | 1223/15-17 | 02 | 00 | 02 |
| 20 | ICL-AKW | S-7 | 1320/5-6 | 02 | 00 | 02 |
| 21 | AKW-RGU | S-16 | 1332/5-6 | 02 | 00 | 02 |
| 22 | AKW-RGU | S-22 | 1340/6-7 | 02 | 00 | 02 |
| 23 | RNRD-MRPR | 387 | 1183/7-8 | 02 | 00 | 02 |
| 24 | KID-BNDA | 452 | 1314-9-1315/0 | 02 | 00 | 02 |
| 25 | KHOH-BIP | 500 | 1395/8-9 | 02 | 00 | 02 |
| 26 | AXX-AAH | 44 | 1292/4-5 | 02 | 00 | 02 |
| 27 | BIX-UDMR | 69 | 1308/4-5 | 02 | 00 | 02 |
| 28 | BIX-UDMR | 70 | 1310/4-5 | 02 | 00 | 02 |
| 29 | BIX-UDMR | 71 | 1312/8-9 | 02 | 00 | 02 |
| 30 | BIX-UDMR | 72A | 1314/3-4 | 02 | 00 | 02 |
| 31 | BIX-UDMR | 75 | 1319/0-1 | 02 | 00 | 02 |
| 32 | BIX-UDMR | 77 | 1320/1-2 | 02 | 00 | 02 |
| 33 | BIX-UDMR | 82 | 1322/6-7 | 02 | 00 | 02 |
| 34 | BIX-UDMR | 91 | 1337/5-6 | 02 | 00 | 02 |
| | | | योग | 69 | 00 | 69 |

**(ब)** 07 लेवल क्रासिंग गेटों पर भी कार्य लगभग पूर्ण हो गया है एवं गेट सं 430 को बंद करने की सी0आर0एस0 सैंक्शन दिनांक 10.10.19 को प्राप्त हो गई है तथा बंद करने की प्रक्रिया चल रही है। अतः 02 पद के हिसाब से प्रत्येक गेट पर 16 पद गेटमैन के और सरप्लस होंगे।

कुल 85 गेटमैन के पदों पर न्यूनतम 6:1 के हिसाब से 14 पद रेस्ट गिवर के होंगे। इस प्रकार कुल 99 पद गेटमैन के सरप्लस होंगे।

**2.2 कार्य का विवरणः—**

कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन ट्रैक मैन, गेटमैन, ट्रालीमैन, चौकीदार, चाबीमैन एवं मेट (पी0वे0) के कैडर को ट्रैकमेन्टेनर में मर्ज कर दिया है जिनके कुल स्वीकृत पद 4618 हैं तथा कुल 3916 कर्मचारी कार्यरत हैं।

चूँकि वर्तमान में गेटमैन की पद ट्रैकमेन्टेनर में मर्ज हो गये हैं तथा उनकी संख्या अलग से निर्धारित नहीं है इसलिये जो लेवल क्रासिंग गेट ROB/ RUB/ LHS निर्माण के कारण बन्द हो रहे हैं उन्हीं पदों को कार्यअध्ययन के दौरान गेटमैन के पद माना गया है। वर्तमान में ट्रैकमेन्टेनर के 702 पद रिक्त पडे हैं। जो गेट बन्द हो चुके हैं उन पर कोई कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं। अतः सरप्लस 99 गेटमैन (वर्तमान पद ट्रैकमैन्टेनर) के पदों को अभ्यर्पित किया जा सकता है।

# अध्याय–तृतीय

## वित्तीय परिणाम

**3.0** इस कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गेट मैन/ ट्रैक मैन (वर्तमान पद ट्रैकमैन्टेनर) | (लेवल–1) | 99 | 43,816/- | 43,37,784/- | 5,20,53,408/- |
| | | | | कुल | | Rs. 5,20,53,408/- |
| (पाँच करोड बीस लाख तिरपन हजार चार सौ आठ रू0 मात्र) | | | | | | |

**3.1 संस्तुतिः–**

कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन ट्रैक मैन, गेटमैन, ट्रालीमैन, चौकीदार, चाबीमैन एवं मेट (पी0वे0) के कैडर को ट्रैकमेन्टेनर में मर्ज कर दिया है जिनके कुल स्वीकृत पद 4618 हैं ,कुल 3916 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 702 पद रिक्त हैं। वर्तमान में गेटमैन की पद ट्रैकमेन्टेनर में मर्ज हो गये हैं तथा उनकी संख्या अलग से निर्धारित नहीं है इसलिये जो लेवल क्रासिंग गेट ROB/ RUB/ LHS निर्माण के कारण बन्द हो रहे हैं तथा उन गेट के कर्मचारियों से गैंग मे कार्य कराया जा रहा है उन्हीं पदों को कार्यअध्ययन के दौरान गेटमैन के पद माना गया है। 34 गेट बन्द हो चुके हैं उन पर कोई कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं तथा 08 गेट के शीघ्र बन्द होने की प्रक्रिया चल रही है जिसके कारण 99 गेट मैन/ट्रैक मैन (वर्तमान पद ट्रैकमैन्टेनर) के पद सरप्लस हो रहे हैं । इन सरप्लस 99 गेट मैन/ट्रैक मैन (वर्तमान पद ट्रैकमैन्टेनर) पदों का औचित्य नहीं है।

अतः कार्याध्ययन दल वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत 99 गेट मैन/ट्रैक मैन (वर्तमान पद ट्रैकमैन्टेनर) संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

////////////////////////////////////////-----------///////////////////////////////////